हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

4

महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात, जयघोष से गूंजा नगर



## खबर संक्षेप




### जेपी पब्लिक स्कूल में हुआ रॉयल शाइन वार्षिकोत्सव

**बिलाईगढ़।** क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कारों की अलख जगाने वाले जेपी पब्लिक स्कूल बेलटिकरी ने अपनी स्थापना के गौरवशाली 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक उत्सव रॉयल शाइन का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया। यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम भर नहीं था, बल्कि विद्यालय की पांच वर्षों की सतत साधना, अनुशासन और उत्कृष्ट शिक्षा के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतिबिंब बनकर सामने आया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बेद राम जांगड़े द्वारा माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के संचालक संत राम जायसवाल के नेतृत्व में संस्थान ने अल्प समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास की जो मजबूत नींव रखी है, उसकी स्पष्ट झलक पूरे आयोजन में दिखाई दी। वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, स्वतंत्रता संग्राम की गाथाओं, आज़ादी के महत्व पर आधारित नृत्य.नाट्यए छत्तीसगढ़ी पंथी नृत्य, राउत नाचा, साउथ इंडियन, संबलपुरी एवं पंजाबी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में बच्चों का आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और समर्पण झलक रहा था।

### ग्रामीण अंचलों तक पहुंची सुरक्षित बैंकिंग की मुहिम

**रायगढ़।** वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत लीड बैंक कार्यालय द्वारा में 9 से 13 फरवरी तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस वर्ष की थीम केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर आपका पहला कदम पर आधारित थी, जिसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित बैंकिंग इकोसिस्टम को मजबूत करना रहा। इस दौरान जिले भर में कुल 15 वित्तीय साक्षरता शिविर एवं 1 जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शिविरों में 637 लोगों ने भाग लिया, जबकि कोतरलिया गांव में आयोजित रैली में लगभग 150 ग्रामीण शामिल हुए।

### साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायगढ़।** रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग-हटिया-दुर्ग के मध्य 08185/08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि.साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 फरवरी तक किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए इस गाड़ी के परिचालन का विस्तार 01 अप्रैल तक किया गया है। परिचालन में विस्तार होने के बाद गाड़ी संख्या 08185 हटिया.दुर्ग सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हटिया से दुर्ग के लिए प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार को 31 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08186 दुर्ग.हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस, दुर्ग से हटिया के लिए प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार 01 अप्रैल तक चलेगी।

### नाबालिग से छेड़खानी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** घर में घुसकर नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। महिला थाना में 14 फरवरी को पीड़िता की मां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 13 फरवरी की रात करीब 11.30 बजे गांव का रोहन उरांव और पवन कुमार मिंज घर के पीछे से उनके मकान में घुसकर कमरे में सो रही उसकी नाबालिग बालिका के साथ गलत नियत से छेड़खानी करने लगे। बालिका के चिल्लाने पर परिजन जाग गए और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गएए जिन्हें देखकर दोनों आरोपी छिप गए। पड़ोसियों द्वारा पकड़ने का प्रयास करने पर आरोपी हाथ छुड़ाकर जंगल की ओर भाग गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर महिला थाना में धारा 331,(4) 74, 75,(2) 3,5 बीएनएस 8 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बिलाईगढ़ ब्लॉक का धान बरमकेला संग्रहण केंद्र में हो रहा जमा

# सरकारी खर्चे को बढ़ा रहे मार्कफेड के अधिकारी, ट्रांसपोर्टरों को पहुंचा रहे फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी खर्चे को जबरिया मार्कफेड के अधिकारी किस कदर बढ़ा रहे हैं इसकी बानगी समर्थन मूल्य में खरीदी गई धान परिवहन में देखी जा सकती है। यहां ट्रांसपोर्टरों को फायदा पहुंचाने के लिए नजदीक के बजाए दूर के संग्रहण केंद्रों में धान जमा कराया जा रहा है। यह खेल खुलेआम चल रहा है जबकि परिवहन करने वाली गाड़ियों में जीपीएस लगा है। इसके बाद भी अधिकारियों को इसका डर नहीं है।

**खास बात**

- एक संग्रहण केंद्र पार कर दूसरे तक पहुंचा रहे धान

सारंगढ़ जिले में दो संग्रहण केंद्र है, जहां धान जमा किया जाता है। इसमें सारंगढ़ ब्लॉक में हरदी और बरमकेला ब्लॉक में बरमकेला संग्रहण केंद्र शामिल है।



**हरदी संग्रहण केंद्र नहीं खोले**

डीएमओ शीतल भोई के अनुसार हरदी संग्रहण केंद्र को हाल ही में खोला गया है। याने अब तक बंद था। डीएमओ का दलील है कि हरदी संग्रहण केंद्र का कर्मचारी कहीं चला गया था, इसके कारण बंद था। अब खोल दिया गया है। खुला नहीं होने की वजह से बरमकेला भेजा जा रहा था।

बरमकेला संग्रहण केद्र का भंडारण क्षमता 1.20 लाख एमटी और हरदी का 1.50 लाख एमटी है। खास बात यह है कि हरदी संग्रहण केंद्र सारंगढ़ के पास है जबकि सारंगढ़ को पार करके बरमकेला जाना पड़ता है। इसी में खेल मार्कफेड के अधिकारी कर रहे हैं। जानकारी मिली है कि बिलाईगढ़ ब्लॉक के समितियों से धान उठाव किया जा रहा है। इस धान के हरदी के बजाए बरमकेला भेजा जा रहा है। याने करीब 25-30 किमी दूर। इससे ट्रांसपोर्टरों का भाड़ा ज्यादा बन रहा है। प्रति किमी के हिसाब से भाड़ा के लिए अनुबंध किया जाता है। दूसरी ओर सरकार चाहती है कि इस काम में कम से कम खर्च हो, लेकिन मार्कफेड के अधिकारियों ने शासन को जैसे चपत लगाने की कसम खा ली है। सारंगढ़ और बिलाईगढ़ क्षेत्र के खरीदी केंद्रों का धान हरदी में जमा किया जा सकता है, लेकिन बरमकेला भेजा जा रहा है। इससे लाखों का नुकसान हो रहा है।

**दोनों संग्रहण केंद्र उधारी के कर्मचारियों से चल रहा**

दोनों संग्रहण केंद्रों में नियमित कर्मचारी नहीं है। हरदी में था वह भी साल भर पहले रिटायर हो चुका है। बरमकेला में एक चपरासी ही नियमित है उसी को प्रभारी माना जाता है। हालांकि जो जानकारी मिली है उसके हिसाब से यहां दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी काम करते हैं और उन्हीं की देखरेख में संग्रहण केंद्र चलता है। ऐसे में समझा जा सकता है कि दोंनों संग्रहण केंद्रों में धान किस कदर जमा होता होगा। जानकारी मिली है कि दोनों ही संग्रहण केंद्रों में धान की जांच तक नहीं होती है।

> हरदी संग्रहण केंद्र में कर्मचारी नहीं होने की वजह से खोला नहीं गया था। इसके कारण बरमकेला संग्रहण केंद्र भेजा जा रहा था। अब बरमकेला और हरदी दोनों केंद्रों में जमा हो रहा है।
>
> **शीतल भोई**
> डीएमओ सारंगढ़

### पान और कॉस्मेटिक दुकान में पिलाया जा रहा था हुक्का, संचालक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सार्वजनिक स्थान पर युवक-युवतियों को हुक्का पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दुकान संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। 15 फरवरी की शाम थाना कोतवाली एवं साइबर थाना की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास स्थित शंकर पान एवं कॉस्मेटिक दुकान में संदेहास्पद गतिविधियां संचालित होने की जानकारी मिल रही थी। पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की गई। जांच के दौरान दुकान संचालक गिरीश भाठिया पिता विजय भाठिया 36 निवासी पक्की खोली चक्रधरनगर द्वारा दुकान में सार्वजनिक रूप से युवक-युवतियों को हुक्का पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। इसमें फ्लेवर युक्त तंबाकू पदार्थ का उपयोग पाया गया। दुकान संचालक का उक्त कृत्य सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 कोटपा एक्ट का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस द्वारा दुकान में रखे 'हुक्का पॉट एवं फ्लेवर युक्त तंबाकू पदार्थ को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई इस्तगासा की गई है।

## तमनार नगर पंचायत के लिए सरकार ने किया पहली पीआईसी का गठन, अब संचालन होगा शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डेढ़ साल पहले तमनार को नगर पंचायत बनाने सीएम विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणा आज पूरा हो गया है। सरकार की ओर से नगर पंचायत की पहली पीआईसी का गठन कर दिया है। अब इनके द्वारा संचालन किया जाएगा।

हालांकि अभी केवल परिषद के कृत्यों का संचालन के लिए समिति का गठन करने की बात कही गई है। अभी चुनाव संभव नहीं है, ऐसे में समिति का गठन कर दिया गया है। इसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा पांच सदस्यों का नाम शामिल है। डेढ़ साल पहले चक्रधर समारोह के दौरान रायगढ़ पहुंचे सीएम विष्णुदेव साय ने तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की थी। इसमें तमनार और बासनपाली गांव को शामिल किया है। इसके बाद बासनपाली गांव के दावा आपत्तियों का निराकरण किया गया था। हालांकि इसके बाद भी बासनपाली गांव के लोग नगरपंचायत में शामिल नहीं होने के लिए प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर 16 फरवरी को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अधिसूचना प्रकाशित की है। इसमें तमनार नगर पंचायत को परिषद के संचालन के लिए आगामी आदेश तक समिति का गठन करने की बात कही गई है। ऐसे में अब तमनार नगर पंचायत में काम-काज शुरू हो जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग ने बीते 2 फरवरी को तमनार नगर पंचायत में बतौर सीएमओ बसंत बुनकर की पोस्टिंग भी कर दी है।

**इनको मिला पहले अध्यक्ष बनने का सौभाग्य**

नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से जो अधिसूचना जारी की गई है उसमें अश्वनी पटनायक को बतौर अध्यक्ष और सुरेंद्र साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही पांच सदस्यों का नाम भी शामिल है। इसमें जगन्नाथ सिदार, गीतांजली पटनायक, हेमलाल साहू, योगेश गुप्ता और ज्योति पटेल शामिल हैं।

## विभिन्न मांगों को लेकर घरघोड़ा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**कलेक्टोरेट गेट में पुलिस की घेराबंदी, मिनी स्टेडियम में किया प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 21 दिनों से आंदोलन कर रहे दर्जन भर गांव के सैकडों ग्रामीणों का सब्र बांध टूटा तो सीधे कलेक्टोरेट पहुंच गए। हालांकि गेट पर पुलिस का पहरा होने की वजह से ग्रामीण मिनी स्टेडियम में ही प्रदर्शन चालू कर दिया। बाद में एडीएम ने मौके पर जाकर ग्रामीणों की बातें सुनी और शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



एनटीपीसी से कुछ मांगों को लेकर तिलाईपाली, कुधुरमौहा, नयारामपुर, चोटीगुड़ा, सालहेपाली, अजीतगढ़, रासकेरा समेत दर्जन भर गांव के ग्रामीणों सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इन गांवों के ग्रामीण बीते 21 दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारी मौके पर पहुंचे तो थे, लेकिन बिना कोई जवाब दिए लौट गए। ग्रामीणों ने करीब 10 पाइंट में अपनी मांगों का ज्ञापन एडीएम को सौंपा है। एडीएम ने उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने की बात कही है।

## मांड नदी पर पुल की मरम्मत के लिए एसईसीएल और जिला प्रशासन के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल क्षेत्र की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत खरसिया.छाल मार्ग पर मांड नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 84.48 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। सोमवार को एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र एवं जिला प्रशासन रायगढ़ के मध्य के समझौता ज्ञापन एमओयू किया गया।

खरसिया, छाल मार्ग एक महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक संपर्क मार्ग हैए जो खरसिया को छाल, धरमजयगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों से जोड़ता है। इस मार्ग पर स्थित मांड नदी का पुल दोनों क्षेत्रों के बीच एकमात्र क्रियाशील संपर्क साधन है, जो आमजनए आवश्यक सेवाओं तथा वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुल की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन, सुरक्षा एवं क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इससे यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ कोयला एवं अन्य वाणिज्यिक परिवहन की सुचारू आवाजाही भी प्रभावित हो रही थी। इस परिप्रेक्ष्य में पुल की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य आवश्यक हो गया था। इस परियोजना के पूर्ण होने पर खरसिया, छाल, धरमजयगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों के बीच सुरक्षित और निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा। साथ ही यात्रियों एवं माल परिवहन की सुगमता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि पुल की जर्जर स्थिति को ध्यान रखते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा भी इस कार्य को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई थी। एसईसीएल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत इस कार्य को स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रीय विकास एवं जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनरू स्थापित किया गया है। यह पहल स्थानीय समुदायों एवं हितधारकों के साथ एसईसीएल के सौहाद्रपूर्ण संबंधों को और सुदृढ़ करेगी तथा कंपनी की सकारात्मक छवि को बढ़ावा देगी।



## 8 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, बाइक और मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल में गांजा परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 08 किलो 240 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया है। 16 फरवरी को पेट्रोलिंग के दौरान एक लाल रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 17 एल 0372 का चालक उड़ीसा से गांजा लेकर ग्राम मल्दा सारंगढ़ की ओर आने की सूचना मिला था।

सूचना पर सरिया थाना के सामने मेन रोड पर घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम धरम सिंह सिदार 45 वर्ष पिता गैंग सिंह सिदार निवासी ग्राम मल्दा थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल में पीछे बंधी प्लास्टिक बोरी एवं डिक्की से 07 पैकेट में कुल 08 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जिला कंटामाल उड़ीसा से गांजा लाकर सारंगढ़ क्षेत्र में बिक्री के लिए ले जा रहा था। जब्त संपत्ति 08 किलो 240 ग्राम गांजा कीमत लगभग 80 हजार एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल कीमत लगभग 25 हजार, एक मोबाइल फोन कीमत लगभग 2 हजार कुल जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत1 लाख 7 हजार आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना सरिया में 6 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



### जिले के सुदूर वनांचल के दो नवाचारी विद्यालय बने मॉडल

# शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल हुआ प्रायमरी स्कूल लामीखार और गोढ़ी कन्या आश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वनांचल में संचालित प्रायमरी स्कूल लामीखार और गोढ़ी आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम को शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल कर लिया गया है। इसमें शैक्षणिक संस्थान धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत देउरमार के आश्रित ग्राम लामीखार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला तथा ग्राम.गोढ़ी में संचालित शासकीय आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम को जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक भ्रमण की सूची में शामिल किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

- शैक्षणिक गतिविधि और नवाचार को देखेंगे स्कूली छात्र- छात्राएं




एक ओर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक शाला लामीखार है, तो दूसरी ओर आदिमजाति विकास विभाग द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रम गोढ़ी। दोनों ही संस्थान प्रत्यक्ष खनिज उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में स्थित हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद यहां शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय नवाचार किए जा रहे हैं। जिले और जिले के सटे अन्य स्कूल के शिक्षक और छात्र भी इस शैक्षणिक संस्थानों के रख रखाव, शिक्षण गतिविधियों सहित सभी नवाचारों को देखने और सीखने आएंगे। जिला प्रशासन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि इन दोनों विद्यालयों को शैक्षणिक भ्रमण सूची में शामिल करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए तथा संबंधित संचालनालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएए ताकि राज्य स्तर पर अन्य जिलों के शिक्षक एवं विद्यार्थी भी यहां अध्ययन भ्रमण के लिए आ सकें।

**हिंदी की तरह अंग्रेजी भी फर्राटेदार बोलते हैं बच्चे**

लामीखार प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों से कलेक्टर ने सीधा संवाद किया था। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए। उनकी अभिव्यक्ति क्षमता, अनुशासन और सीखने की ललक ने सभी को प्रभावित किया। स्कूल में माइलस्टोन, भारत और छत्तीसगढ़ के मानचित्र जैसी शिक्षण सामग्री बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा दे रही है। विद्यालय परिसर में विकसित किचन गार्डन, हर्बल गार्डन, मसाला बगान और गुलाब गार्डन में लगभग 128 प्रजातियों के फलदार, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए हैं।

**सुदूर गांव में गुणवत्ता का उदाहरण**

सुदूर वनांचल की लगभग 314 की आबादी वाले आदिवासी बहुल ग्राम लामीखार में संचालित विद्यालय में वर्तमान में 46 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 30 बालक और 16 बालिकाएं शामिल हैं। वर्ष 2025 में यहां के 8 विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन हुआ है। कलेक्टर ने इसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और नवाचारों का प्रत्यक्ष परिणाम बताया।

**गोढ़ी आदिवासी कन्या आश्रम में समग्र विकास पर जोर**

ग्राम गोढ़ी स्थित शासकीय आदर्श आदिवासी कन्या आश्रम में छात्राओं को पाठ्यक्रम के साथ.साथ व्यावहारिक ज्ञान, स्वच्छता, नैतिक शिक्षा, पर्यटन स्थलों की जानकारी, राज्य की भौगोलिक स्थिति और सामाजिक व्यवहार की शिक्षा दी जा रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद यह संस्थान वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के सशक्त केंद्र के रूप में उभर रहा है।

खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के तहत वॉकाथन आयोजित



राउरकेला। जगदा स्थित नीलशैल महाविद्यालय एवं इंडियन ऑयल के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण तेल ईंधन के संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से वॉकाथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारी नवीन कुमार बंजारा तथा भुवनेश्वर के सूर्य कुमार सेठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत षडंगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण जागरूकता की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद एवं वक्ता गोदावरीश सतपथी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को तेल ईंधन के संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, पौधरोपण और स्वच्छता के महत्व के बारे में संबोधित किया।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सुंदरगढ़। सुंदरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सड़क से गुजर रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति नियंत्रित कर ट्रक जब्त कर लिया। चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना गया है।

### राउरकेला में तीन दिनों से सड़क पर खड़ी एम्बुलेंस से सुरक्षा को लेकर चिंता

राउरकेला। शहर के उदित नगर फ्लाईओवर के नीचे स्थित सर्विस रोड पर पिछले तीन दिनों से एक एम्बुलेंस लावारिस अवस्था में खड़ी रहने से यातायात आंशिक रूप से बाधित हो रहा है और यात्रियों के बीच गंभीर सुरक्षा चिंता पैदा हो गई है। एम्बुलेंस इस तरह खड़ी है कि सड़क का लगभग आधा हिस्सा अवरुद्ध हो गया है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। यह घटना शहर के व्यस्त यातायात बिंदु माने जाने वाले उदित नगर फ्लाईओवर के नीचे की सर्विस रोड की है।लगातार तीन दिनों से वाहन वहीं खड़ा रहने के बावजूद उसे हटाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाता दिखाई नहीं दे रहा है। आशंका जताई जा रही है कि एम्बुलेंस यांत्रिक खराबी के कारण वहीं रुक गई होगी, लेकिन इतने महत्वपूर्ण और व्यस्त स्थान पर इसे बिना देखरेख के छोड़ देना स्थानीय लोगों के बीच आलोचना का विषय बन गया है। स्थानीय निवासियों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए संबंधित अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले एम्बुलेंस को वहां से हटाया जाना चाहिए। लगातार हो रही अनदेखी के कारण क्षेत्र में प्रशासनिक जवाबदेही और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

### नूतन ज्ञानकोशल कला प्रयोग का सांस्कृतिक आयोजन

सुंदरगढ़। स्थानीय सांस्कृतिक संस्था नूतन ज्ञानकोशल कला प्रयोग द्वारा एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कला, साहित्य और सामाजिक सरोकारों पर गंभीर एवं सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों, साहित्यकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य कला और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता को रेखांकित करना था। वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियाँ केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं को सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। आयोजित चर्चा सत्र में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। उपस्थित अतिथियों ने कला के जरिए सामाजिक समरसता, जनजागरण और नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### महाशिवरात्रि पर सजा वेदव्यास पीठ, मेले का शुभारंभ

राउरकेला। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राउरकेला स्थित पवित्र वेदव्यास पीठ में वार्षिक मेले की विधिवत शुरुआत हो गई। सुंदरगढ़ के जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र ने मेले के मैदान में पहुंचकर वेदव्यास मेले तथा तीन दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का औपचारिक उद्घाटन किया। इस वर्ष मेले का आयोजन भव्य और विस्तृत स्वरूप में किया गया है जो आगामी 1 मार्च तक चलेगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। मेले के अवसर पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से तीन दिवसीय जिला विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। जिला कृषि एवं उद्यान विभाग, मृदा संरक्षण एवं जल विभाजिका विकास विभाग, पानपोष समन्वित आदिवासी विकास संस्था तथा क्षेत्रीय परिवहन निगम ने अपने अपने स्टॉल लगाए हैं। यहां आगंतुकों को सरकारी योजनाओं, कृषि उन्नयन, जल संरक्षण और परिवहन सुविधाओं से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला श्रम विभाग तथा क्षेत्रीय पुनर्वास एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा उपलब्ध सहायक उपकरणों और समन्वित फिजियोथेरेपी केंद्र की सेवाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

राहगीरों की मिलेगी सुविधा

# सरिया में होगा एक करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से सरिया में 1.40 करोड़ रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण कार्य आज सोमवार को पूजा पाठ कर प्रारंभ किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि निर्माण कार्य में क्वालिटी क्वांटिटी एवं टाइम में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सरिया का बहुप्रतीक्षित मांग हमारे वित्त मंत्री के प्रयास से पूरा हो रहा है। इसके लिए आज पूजा पाठ कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया।

रायगढ़ विधानसभा एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास सर्वशुदायिक बस स्टैंड का निर्माण कार्य आज सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एसीएमओ, ठेकेदार एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पूजा पाठ कर प्रारंभ किया गया। विदित हो कि पूर्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य एवं वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी की अध्यक्षता में यहां सर्व सुविधायुक्त नवीन बस स्टैंड निर्माण का भूमि पूजन किया गया था। टेंडर कार्य पूर्ण होने अब निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। जिससे नगर व अंचल में हर्ष व्याप्त है। सोमवार को नगर पंचायत सीएमओ लाल सिंह मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण शराप एवं पार्षदगण तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है।

इस मौके पर सीएमओ लाल सिंह मरकाम ने कहा कि एक करोड़ 39 लाख की लागत से सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण कार्य आज पूजा पाठ कर प्रारंभ किया गया तथा यह निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण होगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण होंगे। सरिया क्षेत्र का यह बहु प्रतिक्षित मांग है।

## महाशिवरात्रि में प्रबल प्रताप ने 272 लोगों के पैर पखारकर करवाई घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा सिद्धेश्वर महादेव की पावन धरा खरसिया के बरगढ़ धाम में आयोजित हिन्दू महासंगम में 272 धर्मांतरित भाइयों बहनों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पुनः सनातन धर्म में घर वापसी की।

■ दिलीप सिंह जूदेव द्वारा प्रारंभ घर वापसी अभियान निरंतर जारी रहेगा : प्रबल प्रताप

धर्म जागरण समन्वय छत्तीसगढ़ प्रान्तए कल्चुरि कलार महासंघ, सेवा न्याय उत्थान एवं दिलीप सिंह जूदेव फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव नें स्वयं चरण पखारकर सभी को सनातन परंपरा में पुनः सम्मिलित कराया। अपने उद्बोधन में प्रबल प्रताप सिंह जूदेव नें कहा कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा प्रारंभ किया गया घर वापसी अभियान निरंतर जारी रहेगा। यह केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, संस्कृति और आस्था से पुनः जुड़ने का संकल्प है। कार्यक्रम में प्रेमा साईं महाराज मातंगीधाम का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद मिला, साथ में विजय शंकर पटनायक आरएसएस राजकुमार चंद्रा धर्मजागरण भोजराम देवांगन अध्यक्ष हथकरघा बोर्ड प्रहलाद रजक अध्यक्ष रजाकार बोर्ड स्वाती गोयल शर्मा समाज सेविका अंजू गवेल धर्म जागरण विजय जायसवाल सहित अनेक गणमान्य जनों, धर्म प्रेमी बंधुओ, मातृ शक्ति एवं युवा कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। संत प्रेमा साई महराज नें अपने उद्बोधन में कहा कि महाशिवरात्रि पर महादेव का अटूट विश्वास हमें सनातन के शाश्वत सिद्धांतों को साहसपूर्वक अपनाने और उनके माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है।

## हीराकुंड 465 विस्थापित परिवारों को मई तक मिलेगा आवासीय पट्टा



सुंदरगढ़। हीराकुंड जलाशय के निर्माण के कारण गांव घर और कृषि भूमि जलमग्न हो जाने के बाद तत्कालीन संबलपुर जिले के लखनपुर ब्लॉक के खजुरडिही गांव से बेलाल सेन के दादा दादी अपने पिता जयनारायण बिस्वाल और बड़े पिता ईश्वर बिस्वाल के साथ टांगरपाली ब्लॉक के सानपत्रापाली क्षेत्र में आकर बस गए थे। यहां वे मजदूरी कर जीवनयापन करते रहे। कई वर्षों बाद कुछ जमीन खरीदकर और कुछ सरकारी जमीन पर खेती कर परिवार चलाया। यहीं बेलाल और उनके भाई रंजन का जन्म हुआ। समय के साथ परिवार के बुजुर्गों का निधन हो गया। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले बेलाल के हिस्से में पिता द्वारा खरीदी गई 2 डिसमिल घरडिह जमीन और आधे एकड़ से कम कृषि भूमि बची। घर बनाने के दौरान कुछ सरकारी जमीन भी अतिक्रमण में आ गई थी। पिछले वर्ष 18 जून को तहसीलदार ने उन्हें नोटिस देकर 25 जून तक घर खाली करने, अन्यथा उसे तोड़ने की चेतावनी दी थी। 25 जून को मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और जेसीबी के साथ घर तोड़ने की कार्रवाई भी शुरू होने वाली थी, लेकिन किसी तरह इसे टाल दिया गया। अब बेलाल को 10 डिसमिल घरडिह पट्टा मिलने जा रहा है। केवल बेलाल ही नहीं, बल्कि पिछले 70 वर्षों से विस्थापन की पीड़ा झेलते हुए सरकारी रिकॉर्ड में अतिक्रमणकारी के रूप में जीवन बिता रहे 465 विस्थापित परिवारों को भी सरकार घरडिह उपलब्ध कराएगी। प्रशासन इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और जानकारी के अनुसार आगामी मई तक पट्टा प्रदान किया जाएगा।

## रिजा रॉयल इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रथम वार्षिक उत्सव



कोसीर। स्थित रिजा रॉयल इंग्लिश मीडियम स्कूल में जलसा प्रथम वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरी जांगड़े, विधायक सारंगढ़, शामिल हुईं। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती हीरा भैरों नाथ जाटवर जनपद सदस्य श्रीमती मीना घनश्याम टंडन जनपद सदस्य श्रीमती सुमन राजेंद्र राव सरपंच, श्रीमती सुनीता नाग बंजारे थाना प्रभारी, हुलेश जायसवाल पूर्व उपनिरीक्षक, शिव प्रसाद भारती प्राचार्य, राजकुमार जांगड़े व्याख्याता, मोतीलाल बर्मन व्याख्याता, विजय महिलाने व्याख्याता, राजेंद्र राव, विष्णु नारायण चंद्रा, विद्यालय प्राचार्या श्रीमती भावना जांगड़े एवं डायरेक्टर श्रीकांत जांगड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक उत्तरी जांगड़े ने विद्यालय परिवार को भव्य वार्षिक उत्सव के सफल आयोजन पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने बहुत कम समय में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है और भविष्य में भी इसी तरह प्रगति करते हुए बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता रहेगा। उन्होंने विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत एवं विविध रचनात्मक गतिविधियां अत्यंत आकर्षक और सराहनीय रहीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पांचवीं के विद्यार्थियों को जूनियर छात्रों ने समारोह में दी विदाई



कटेली। शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में कक्षा पाँचवीं के छात्र छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं की अनूठी झलक देखने को मिली, कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। इसके बाद विदाई पाने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया, सभी विद्यार्थियों को पानी बॉटल, क़लम देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बच्चों को मुँह मीठा कराया गया, विद्यालय की मुखिया प्रियंका गोस्वामी ने कहा बच्चे किसी भी विद्यालय की असली पहचान होते हैं। आप सभी एक नई उड़ान भरने जा रहे हैं, जीवन में सदैव नित ऊंचाइयां प्राप्त करें, असरिता टोप्पो ने कहा आज का दिन हमारे लिए गर्व और भावनाओं का संगम है, आप सभी हमारे लिए सिर्फ विद्यार्थी नहीं, बल्कि हमारे परिवार का हिस्सा हैं, संजय कुमार मिश्रा ने कहा हमें विश्वास है कि आप जहां भी जाएंगे, विद्यालय का नाम रोशन करेंगे, खेमराज पटेल द्वारा आगे शिक्षा जारी रखने का सन्देश दिया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा पाँचवीं की छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया और उनके आत्मविश्वास, परिश्रम एवं उपलब्धियों की प्रशंसा की गयी। नम्रता खुंटे स्टूडेंट ऑफ द ईयर के ख़िताब से नवाजी गईं, समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भावुक हो उठे, गोस्वामी ने कहा.ये महज़ औपचारिकता है आपके शिक्षक सदैव आपके लिए उपलब्ध रहेंगे, मौके पर प्रियंका गोस्वामी, असरिता टोप्पो, संजय कुमार मिश्रा, खेमराज पटेल सहित सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बहुमंज़िला कार पार्किंग निजी हाथों में स्मार्ट सिटी परियोजना पर उठे सवाल



राउरकेला। राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड फंड से निर्मित बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम परिसर की बहुमंज़िला कार पार्किंग को निजी संस्था को सौंपे जाने के निर्णय पर राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। लगभग 157.21 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस खेल परिसर में 9,000 दर्शक क्षमता वाला फुटबॉल स्टेडियम 181 कारों की पार्किंग सुविधा और स्विमिंग पूल का निर्माण किया गया था। मार्च 2023 में इसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया था। जानकारी के अनुसार बहुमंज़िला पार्किंग का निर्माण तो पूरा हो गया लेकिन इसे लंबे समय तक न तो शहरवासियों और न ही खेल प्रेमियों के उपयोग में लाया गया। करीब डेढ़ वर्ष तक निष्क्रिय रहने के बाद जिला प्रशासन ने कथित रूप से व्यावसायिक उद्देश्य से इसे एक निजी संस्था को सौंप दिया।

## बोर्ड परीक्षा से पहले कलेक्टर ने किया स्कूलों का निरीक्षण

सारंगढ़। आगामी 20 फरवरी से शुरू होने जा रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बिलाईगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ताए विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रयोगशालाओं की स्थिति तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का भौतिक रूप से उपस्थित होकर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेलटिकरी का निरीक्षण कर सभी शिक्षकों का बैठक लेकर स्कूल की पढ़ाई, परीक्षा के लिए बच्चों और स्कूल की ओर से तैयारी तथा और 10वीं बोर्ड परीक्षा के पिछले परिणामों की जानकारी ली। संस्कृत शिक्षक से गत वर्ष फेल हुए विद्यार्थियों की संख्या सही जानकारी नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। अंग्रेजी विषय में पिछले वर्ष लगभग 50 प्रतिशत विद्यार्थी अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए थे। निरीक्षण के दौरान शिक्षक कुर्रे अनुपस्थित पाए गए जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गलत तरीके से 75 प्रतिशत उपस्थिति दर्शाने पर प्रधान पाठक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उपस्थिति और प्रयोगशाला व्यवस्था पर नाराजगी विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर कलेक्टर ने गहरी चिंता व्यक्त की और पालकों से नियमित संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## एफआईएच पुरुष प्रो लीग में भारत को अर्जेंटीना ने 4—2 से हराया

राउरकेला। राउरकेला चरण के अंतिम मुकाबले में अर्जेंटीना पुरुष हॉकी टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम को 4—2 से पराजित कर दिया। मुकाबला बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला गया, जहां अर्जेंटीना ने मैच पर अधिकांश समय नियंत्रण बनाए रखा। अर्जेंटीना की ओर से तादेओ मार्कुच्ची (28, 49) ने दो गोल दागे, जबकि टोमास डोमेने (18) और लुसियो मेंडेज (43) ने एक-एक गोल कर जीत सुनिश्चित की। भारत के लिए आदित्य लालागे (50') और संजय (59') ने गोल किए। पहले हाफ में अर्जेंटीना का दबदबा पहले क्वार्टर में अर्जेंटीना ने गेंद पर नियंत्रण रखते हुए कई आक्रमण किए, हालांकि भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने शानदार बचाव कर टीम को शुरुआती झटके से बचाए रखा। तीसरे मिनट में लुकास मार्टिनेज का शॉट पोस्ट से टकराकर बाहर गया, जिससे भारत को राहत मिली। 10वें मिनट में टोमास डोमेने के शक्तिशाली शॉट को रोककर करकेरा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अर्जेंटीना को पहले क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारत ने किसी तरह गोल नहीं खाने दिया। दूसरे क्वार्टर में 18 वें मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर को डोमेने ने गोल में बदलकर खाता खोला। इसके बाद 28 वें मिनट में तादेओ मार्कुच्ची ने एरियल पास पर शानदार फिनिश कर बढ़त 2—0 कर दी। हाफ टाइम से ठीक पहले भारत को आदित्य लालागे के जरिए सुनहरा मौका मिला, लेकिन उनका शॉट पोस्ट के ऊपर चला गया।

## जिला पुलिस ने वायरल स्टंट वीडियो पर कसा शिकंजा

जशपुरनगर। सोशल मीडिया पर खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों और युवकों को चिन्हित कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के सारुडीह—किनकेल का है, जहां कुछ युवक- युवतियां चलती स्कॉर्पियो और बुलेट पर जान जोखिम में डालकर करतब करते नजर आए थे। वीडियो सामने आते ही पुलिस अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। जांच में काले रंग की स्कॉर्पियो क्रमांक जेएच-01- एफसी -1960 तथा बुलेट मोटरसाइकिल जेएच-01-बीएन-4563 की पहचान की गई। स्कॉर्पियो चालक अविनाश एक्का उम्र 25 वर्ष बताया गया है। पुलिस ने स्टंट से जुड़े एक अन्य बिना नंबर के वाहन को भी चिन्हित किया है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार खतरनाक ढंग से वाहन चलाना, यातायात नियमों का उल्लंघन है। इस पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 और 66/192 के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। स्टंट में शामिल युवक- युवतियों के परिजनों को थाने बुलाकर समझाइश दी गई। पुलिस ने कहा कि इस तरह के करतब से न केवल वाहन चालक बल्कि राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। भविष्य में ऐसी गतिविधि दोहराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विवेकानंद पब्लिक हाई स्कूल में मना रोशनी द ड्रीम वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़




विवेकानंद पब्लिक हाई स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव रोशनी द ड्रीम ऑफ लाइट 14 फरवरी को पुलिस ग्राउंड बिलाईगढ़ में सुव्यवस्थित एवं वातावरण में संपन्न हुआ। दोपहर 1 बजे प्रारंभ हुए इस बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक आयोजन ने पूरे नगर को उल्लास ऊर्जा और भारतीय सांस्कृतिक विविधता की प्रकाशमय आभा से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने आयोजन को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे तथा सीएमएचओ सारंगढ़ बिलाईगढ़ एफआर निराला की उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद घसिया यादव, नरेश देवांगन, धनीराम देवांगन तथा समाजसेवी एवं पत्रकार प्रभाकर कर्ष, पालकगण सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ एवं फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने विद्यालय की अनुशासित शैक्षणिक व्यवस्था, संस्कारयुक्त वातावरण एवं विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय भावना को सशक्त करते हैं। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। देशभक्ति गीतों की ओजस्वी प्रस्तुतियों ने राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत कियाए वहीं पंथी नृत्य, राउत नाचा एवं आज़ादी के महत्व पर आधारित नृत्य नाटिका ने भारतीय संस्कृति की गहराई को मंच पर जीवंत कर दिया। इसके अतिरिक्त साउथ इंडियन, संबलपुरी, पंजाबी एवं ओड़िया गीतों पर प्रस्तुत मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने विविधता में एकता का सशक्त संदेश दिया और दर्शकों की गगनभेदी तालियों से पूरा मैदान गूंज उठा। बच्चों के द्वारा प्रदर्शित प्रत्येक कार्यक्रम में अतिथियों एवं पालकगणों द्वारा नगद पुरस्कार देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार तीन दोस्तों को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार सुबह शहर के गम्हरिया के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर हुए भीषण हिट एंड रन में स्कूटी सवार तीन दोस्त जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पहले एक पिकअप को ठोकर मारी, फिर स्कूटी को चपेट में लेते हुए तीनों किशोरों को सड़क पर घसीट दिया और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई, राहगीरों ने दौड़कर घायलों को उठाया और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। पवन नायक और अनुप नायक को अंबिकापुर भेजा गया है, जबकि प्रतिक गुप्ता को रांची के लिए रवाना किया गया। तीनों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक प्रतिक गुप्ता उम्र 17 वर्ष पिता अमर गुप्ता, पवन नायक 7मेरा 15 वर्ष पिता शिवकुमार नायक और अनुप नायक उम्र 15 वर्ष पिता पिंटू नायक एक ही स्कूटी पर सवार थे। सुबह वे निकले ही थे कि सामने से आ रहे बेकाबू ट्रक ने उनकी जिंदगी पल भर में बदल दी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार ट्रक काफी तेज रफ्तार में था। उसने पहले एक पिकअप को ठोकर मारी, फिर अनियंत्रित होकर स्कूटी सवारों को रौंदते हुए भाग निकला। स्कूटी दूर जा गिरी और तीनों युवक लहूलुहान हालत में सड़क पर तड़पते रहे।



# महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

**नई दिल्ली।** 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रही है।

लाइफ Style



# सारा अर्जुन

## शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।

हॉलीवुड मसाला



# सिंगर से नहीं किया कभी प्यार

**नई दिल्ली।** एक टाइम पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे, लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया, लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं। जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, 'सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है।




# चीन के वीडियो मॉडल ने हालीवुड की उड़ाई नींद

**नई दिल्ली।** वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपए खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं।.. अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं। जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। डायरेक्टर रुएरी रॉबिन्सन ने टॉम और ब्रैड का एआई मेड फाइट सीन वाला वीडियो शेयर किया है और लिखा है, 'लोग इसे अब तक का सबसे भरोसेमंद प्लॉट ट्विस्ट कह रहे हैं।' इस वीडियो को हॉलीवुड के को-राइटर रेट रीज ने वीडियो रीशेयर करते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है।



# यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

**मुंबई।** यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है।



# एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

टीवी मसाला



# कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

**नई दिल्ली।** कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता, आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी।

## बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित



**नई दिल्ली।** मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला **IPS**) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी'के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है।

# रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

*रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी।*



**मुंबई।** 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र 2' फैंस की उम्मीद से जल्दी रिलीज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है। रणबीर ने कहा कि अगर डायरेक्टर इम्तियाज अली जॉर्डन के लिए कोई स्क्रिप्ट दे पाते हैं तो उन्हें 'रॉकस्टार 2' में वापस आकर खुशी होगी। 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म का अंत बहुत सुंदर था। उन्होंने इशारा किया कि भविष्य में इसी तरह की एक और फिल्म आ सकती है। संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रोमांस कहानी है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं। बताया जाता है कि इसमें 1960 के दशक के एयर फोर्स अधिकारियों के बीच एक लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।

# भंसाली और मेहता साथ आए
## जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ


**मुंबई।** संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ'के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।



## 80 साल पुरानी फिल्म को अपने ही देश में नहीं मिला था सम्मान

# कान्स फिल्म फेस्टिवल में नीचा नगर ने लहराया था जीत का परचम

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल लेवल फिल्मों को पेश किया जाता है। इसमें दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्रीज की मूवीज शामिल रहती हैं। अक्सर रेड कारपेट पर सेलेब्स की मौजूदगी को लेकर चर्चा का विषय बनने वाला कान्स उस वक्त अधिक सुर्खियों में रहा, जब एक हिंदी सिनेमा की फिल्म ने इस फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये रही कि उस मूवी को भारत देश में सराहना नहीं मिली थी और उसे एक फिसड्डी मूवी के तौर पर जाना गया।*



## कान्स जीतने वालीं पहली हिंदी फिल्म

इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बहुत कम बार देखा गया है कि किसी भारतीय फिल्म ने कामयाबी का स्वाद चखा हो। लेकिन, जब भी ऐसा हुआ है, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। ऐसा ही इतिहास 80 साल पहले आई हिंदी फिल्म नीचा नगर ने रचा था। 1946 में रिलीज होने वाली नीचा नगर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। दिग्गज अभिनेता देव आनंद के बड़े भाई चेतन आनंद ने नीचा नगर के जरिए अपने डायरेक्टोरियल करियर की शुरुआत की।

## देश में नहीं हुई थी रिलीज

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करने वाली नीचा नगर को देश के सिनेमाघरों में कभी रिलीज नहीं किया गया। इस मूवी को 80 के दशक में सीधा टीवी चैनल दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इंटरनेवल पर कामयाबी हासिल करने वाली इस मूवी को अपने ही देशवासियों ने वो सम्मान नहीं दिया, जिसकी वह वाकई में हकदार थी।

## फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी

इसके अलावा वेटरन एक्ट्रेस रहीं कामिनी कौशल ने भी इस फिल्म के जरिए बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल 1946 में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस मूवी को ग्रैंड प्रिक्स डु फेस्टिवल इंटरनेशनल डु फिल्म पुरस्कार ने नवाजा गया था। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी, जिसमें अमीर और गरीब तबके के बीच भेदभाव के संवेदशील विषय को दर्शाया गया था। नीचा नगर अपने आप में एक प्रभावशाली फिल्म रही थी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की कन्नौजे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का सोमवार को निरीक्षण कर डीएमएफ मद से चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में तेजी लाये और गुणवत्ता के साथ 10 मार्च तक सभी लंबित कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रायवेट हॉस्पिटल की तर्ज पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में निर्माण और स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है, एक्स रे सोनोग्राफी और कई प्रकार के टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है। कलेक्टर ने ओपीडी, आईपीडी, ड्रेसिंग, दवा, एनसीडी, लैबए नेत्र एक्स.रे आदि कक्ष का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने रेबीज के साथ अन्य दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। लैब कक्ष में प्रतिदिन लगभग 50 मरीजों की जांच पर, एक्स रे कक्ष में कलेक्टर को शुल्क की जानकारी दी गई कि एक्स रे की पीडीएफ कॉपी के लिए 50 रुपये और प्रिंट के लिए 150 रुपये शुल्क लिया जाता है जबकि बुजुर्गों और बच्चों के लिए सुविधा निःशुल्क है।

### हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा बिलाईगढ़

**बिलाईगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन और अलौकिक पर्व पर आज पूरा बिलाईगढ़ अंचल शिवभक्ति में पूर्णतः लीन नजर आया। भोर की पहली किरण के साथ ही मंदिरों में गूंजती घंटियों, शंखनाद और घड़ियालों की दिव्य ध्वनि ने वातावरण को शिवमय बना दिया। हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोष से नगर का कण-कण भक्तिरस में सराबोर हो उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं कैलाशपति भोलेनाथ की कृपा इस पावन धरती पर बरस रही हो। मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

दरहा घाट में 51 जोड़ी यजमानों ने किया विधि विधान से रुद्राभिषेक

# महाशिवरात्रि पर निकली भव्य शिव बारात, जयघोष से गूंजा नगर





शिव बारात की झांकी और रुद्राभिषेक करते यजमान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत चंद्रपुर के दरहा घाट में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। प्रातः काल आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में 51 जोड़ी यजमानों ने विधि.विधान से भगवान शिव का अभिषेक किया। आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जल, दूध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर भगवान शिव से सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। रुद्राभिषेक के मुख्य आचार्य पंडित देवेंद्र मिश्रा एवं आनंद मिश्रा रहे। मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश देवांगन अपनी धर्मपत्नी योगिता देवांगन के साथ शामिल हुए। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिससे दरहा घाट का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। शाम 5 बजे स्थानीय शिव मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई।

बारात में भगवान शिव और माता पार्वती की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। युवा भक्त भगवान शिव का स्वरूप धारण कर आकर्षण का केंद्र बने रहे। हर हर महादेव और बम बम भोले के जयघोष से पूरा नगर गूंज उठा। शिव बारात दरहा घाट से होते हुए भारत माता चौक देवांगन मोहल्ला, यादव मोहल्ला और बस स्टैंड मार्ग से पुनः दरहा घाट पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। डीजे और ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन मंदिर परिसर में महाआरती और शिव पार्वती विवाह उत्सव के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगरवासियों के सहयोग से पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और महाशिवरात्रि का यह पर्व पूरे नगर को भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा रहा।



### अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में महाशिवरात्रि का आयोजन

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में महाशिवरात्रि का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रातः 9 बजे सामूहिक आरती की गई। तत्पश्चात 10 से 11 बजे तक सामूहिक हवन एवं भजन कीर्तन चलता रहा। भजनों के जरिए भगवान शिव दर्शन की शानदार अभिव्यक्त की गई। भजनों के जरिए देवों के देव महादेव के विभिन्न रूपों की अभिव्यक्ति की गई। अघोर पंथ में शिव को अघोरेश्वर के रूप में पूजा जाता है। भगवान शिव आदर्श गुरु के साथ साथ देवों के देव महादेव है। अघोर पंथ में यह बताया गया कि शिव दर्शन जीवन में किस तरह प्राणियों को मोक्ष प्रदान करता है। अघोर पंथ मे शिव एक आदर्श गुरु के रूप में आत्म ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते है। आज प्रातः से ही अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में महाशिवरात्रि के दिन शिवालय दर्शन के लिए अघोर पंथी जुटे रहे।

## चिकित्सकों की सतर्कता से बची प्रसूता की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ के चिकित्सकों की तत्परता, उच्चस्तरीय चिकित्सा प्रबंधन और समन्वित टीमवर्क के चलते एक 23 वर्षीय प्रथम गर्भ प्रसूता को पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट जैसी अत्यंत गंभीर स्थिति से सफलतापूर्वक बचा लिया गया।

मरीज 23 वर्षीय महिला जो पहली बार गर्भवती थीं, को प्री एक्लेम्पसिया गर्भावस्था में उच्च रक्तचाप की शिकायत थी। जो अत्यधिक गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल से मेडिकल कॉलेज के आपातकालीन विभाग में 02 फरवरी को दोपहर लगभग 12 बजे अत्यधिक उच्च रक्तचाप और सांस लेने में गंभीर तकलीफ के साथ लाया गया। चिकित्सक द्वारा जांच में पल्मोनरी एडीमा ;फेफड़ों में पानी भरनाद्ध की पुष्टि हुईए जो जानलेवा स्थिति होती है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आपातकालीन सिजेरियन सेक्शन का निर्णय लिया गया। ईलाज के दौरान मरीज को अचानक पेरिपार्टम कार्डियक अरेस्ट हृदय गति रुकना हो गया। डॉ.एएम लकड़ा विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया ने बताया कि हमारी चिकित्सकीय टीम ने तुरंत स्थिति की पहचान कर उच्च गुणवत्ता वाली सीपीआर प्रारंभ की। त्वरित और समन्वित प्रयासों से मरीज की हृदयगति पुनः स्थापित की गई। इसके बाद मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर आईसीयू में रखा गया, जहां गहन निगरानी एवं व्यवस्थित पोस्ट कार्डियक अरेस्ट केयर प्रदान की गई। लगभग तीन दिनों तक वेंटिलेटर सपोर्ट पर रहने के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ।




## वार्षिकोत्सव में नन्हे बच्चों के थिरकते कदम ने मोहा मन, देशभक्ति गीतों से सराबोर रहा कार्यक्रम

**सरसींवा।** नगर पंचायत सरसींवा समीपस्थ ग्राम मधाईभाठा स्थित विनायक एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिकोत्सव इस वर्ष रोशनी, राग और रंगों से सजा नजर आया। परिसर आकर्षक सजावट से जगमगा रहा था, मानो विद्यालय नहीं, किसी सांस्कृतिक महोत्सव का द्वार खुल गया हो। मंच पर बच्चों की प्रस्तुतियाँ इतनी प्रभावशाली रहीं



कि तालियों की गूंज देर तक वातावरण में तैरती रही। नन्हे कलाकारों ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और सामाजिक संदेशों से भरे नाटकों के माध्यम से दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में बच्चों में उमंग और उत्साह का दृश्य दिखा। आत्मविश्वास से भरे संवाद और सधे हुए कदमों ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की मोहताज नहीं होती। शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी विशेष वेशभूषा में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते दिखाई दिए।

## मोदी सरकार ने सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन के निर्माण से सरकारी खजाने के बचाए 1500 करोड़ः चौधरी

**रायगढ़।** नई दिल्ली में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 व 2 के उद्घाटन पर




प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू इंडिया की उभरती आकांक्षाओं के अनुरूप आधुनिक और सक्षम कार्यस्थलों की अनिवार्यता पर बल दिया। दिल्ली में वर्तमान में 50 से अधिक स्थानों पर मंत्रालय हैं, जिन पर हर साल लगभग 1,500 करोड़ रुपए किराया एवं लॉजिस्टिक के रूप में व्यय होता है। इसके अलावा समय की बर्बादी भी होती है। सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन प्रशासनिक दक्षता बढ़ाएंगे और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेंगे।

